मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-417
03/09/2025

# मुख्यमंत्री ने गया जिला में प्रगति यात्रा के दौरान की गई घोषणाओं के अंतर्गत 899.46 करोड़ रुपये लागत की 10 योजनाओं का किया शिलान्यास

- पेंशनधारी लाभुकों, जीविका दीदियों एवं अन्य लाभुकों के साथ किया संवाद

पटना, 03 सितम्बर 2025 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज गया जिला अंतर्गत चाकंद उच्च विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम स्थल से प्रगति यात्रा के दौरान की गई घोषणाओं से संबंधित 899.46 करोड़ रुपये लागत की 10 योजनाओं का शिलापट्ट अनावरण कर रिमोट के माध्यम से शिलान्यास किया। इसके अंतर्गत 3 करोड़ 61 लाख रुपये की इमामगंज प्रखंड अंतर्गत बारा बांध का जीर्णोद्धार, 77 करोड़ 60 लाख रुपये की बतसपुर वियर योजना अंतर्गत मोराटाल मुक्त पईन का चौड़ीकरण, विस्तारीकरण तथा पुनर्स्थापन कार्य, 349 करोड़ 22 लाख रुपये लागत की नगर क्षेत्र अंतर्गत मुफस्सिल मोड़ पर फ्लाईओवर का निर्माण, 90 करोड़ 16 लाख रूपये लागत की गया–मानपुर रेलखंड पर अवस्थित लेवल क्रासिंग संख्या–71ए (बागेश्वरी गुमटी) पर आर0ओ0बी0 निर्माण कार्य तथा 104 करोड़ 72 लाख रुपये लागत की गया परैया गुरारू होते हुए औरंगाबाद–रफीगंज जोड़नेवाले पथ का चौड़ीकरण कार्य शामिल है। कार्यक्रम के अंतर्गत 119 करोड़ 74 लाख रुपये लागत की इमामगंज प्रखंड की कोठी से सलेया होते हुए सीमावर्ती राज्य (झारखंड) को जोड़ते हुए पथ का चौड़ीकरण, 58 करोड़ 45 लाख रुपये लागत की नगर प्रखंड के बेलथू ग्राम में अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय का निर्माण, 41 करोड़ 60 लाख रुपये लागत की कंडी नवादा पार्क एवं सिलौंजा पार्क का विकास, 39 करोड़ 82 लाख रुपये लागत की गया जिला अंतर्गत बेला–पनारी रोड से अग्नि, शिवरामपुर से धनावां होते हुए शाकिर बिगहा तक (ग्राम शिवरामपुर के लिंक पथ सहित) पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य तथा 14 करोड़ 52 लाख रुपये लागत की इमामगंज प्रखंड में डिग्री कॉलेज की स्थापना शामिल है।

मुख्यमंत्री ने बेला–पनारी पथ का निरीक्षण किया और इस दौरान वहां आयोजित कार्यक्रम स्थल से 39 करोड़ 82 लाख रुपये लागत की गया जिला अंतर्गत बेला–पनारी रोड से अग्नि, शिवरामपुर से धनावां होते हुए शाकिर बिगहा तक (ग्राम शिवरामपुर के लिंक पथ सहित) पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य का शिलापट्ट अनावरण कर शिलान्यास किया।

मुख्यमंत्री ने चाकंद उच्च विद्यालय परिसर में लाभुकों के साथ आयोजित संवाद कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित पेंशनधारी लाभुकों, जीविका दीदियों एवं अन्य लाभुकों के साथ संवाद किया। वहां उपस्थित लोगों ने मुख्यमंत्री का धन्यवाद करते हुए कहा कि वृद्धजनों, दिव्यांगजनों एवं विधवा महिलाओं की पेंशन राशि को 400 रुपये से बढ़ाकर 1100 रुपये कर दिया है। इससे सभी लोग खुश हैं। घरेलू उपभोक्ताओं को 125 यूनिट बिजली फ्री करने से हमलोगों को बहुत फायदा हो रहा है। बचत राशि का उपयोग अन्य विकास कार्यों में

कर रहे हैं। जीविका दीदियों ने मुख्यमंत्री को उनके लिए किए जा रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री ने उपस्थित जनसमूह से कहा कि आपलोग अच्छे से मिल–जुलकर रहें तथा बिहार के विकास में भागीदार बनें।

कार्यक्रम में जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, लघु जल संसाधन मंत्री श्री संतोष कुमार सुमन, विधायक श्रीमती मनोरमा देवी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्य सचिव श्री प्रत्यय अमृत, पुलिस महानिदेशक श्री विनय कुमार, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार सिंह, गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री अरविंद कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, पथ निर्माण विभाग के विशेष सचिव श्री शीर्षत कपिल अशोक, गया के जिलाधिकारी श्री शशांक शुभंकर, गया के वरीय पुलिस अधीक्षक श्री आनंद कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारीगण, लाभार्थीगण, गणमान्य व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

*******